आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना

आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना,
हमारे अंगना सखी तुम्हारे अंगना,
आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

मेरी तुलसा की पूजा में गणपत आए,
रिद्धि साथ लाए सिद्धि साथ लाए,
आज खुशियां मनाएं हमारे अंगना,
आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना......

मेरी तुलसा की पूजा में ब्रह्मा आए,
ब्रह्मा आए ब्रह्माणी साथ लाए,
शंख वेदों की ध्वनि हमारे अंगना,
आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

मेरी तुलसा की पूजा में विष्णु आए,
विष्णु जी आए संग लक्ष्मी लाए,
आज धन बरसाए हमारे अंगना,
आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

मेरी तुलसा की पूजा में शंकर जी आए,
शंकर जी आए संग गौरा लाए,
आज डमरु बजाए हमारे अंगना,
आज तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

मेरी तुलसा की पूजा में कृष्णा आए,
कृष्ण जी आए संग राधा जी लाए,
आज मुरली बजाए हमारे अंगना,
मेरी तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

मेरी तुलसा की पूजा में श्रीराम आये,
सीता साथ आए लक्ष्मण साथ लाए,
आज तीर चलाएं हमारे अंगना,
मेरी तुलसा की पूजा हमारे अंगना.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32020/title/aaj-tulsa-ki-puja-humare-angna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |